Sushil Choudhary
Advocate
Reg. No.-2866/1999
Tehsil Court, Nakur
Mob.-9412649624

# INDIA NON JUDICIAL

## Government of Uttar Pradesh

### e-Stamp

LOCKED
Date
S R NAKUR

सत्यमेव जयते

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP89096270684509T |
| Certificate Issued Date | : | 04-Oct-2021 04:13 PM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14357504/ NAKUR/ UP-SHR |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14357504668356694924787 |
| Purchased by | : | PANKAJ JAIN SO MAHESH CHAND JAIN AND OTHERS |
| Description of Document | : | Article 64 (A) Trust - Declaration of |
| Property Description | : | GYANVAPI EDUCATIONAL AND SOCIAL WELFARE TRUST AMBHETA |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | GYANVAPI EDUCATIONAL AND SOCIAL WELFARE TRUST AMBH |
| Second Party | : | PANKAJ JAIN SO MAHESH CHAND JAIN AND OTHERS |
| Stamp Duty Paid By | : | PANKAJ JAIN SO MAHESH CHAND JAIN AND OTHERS |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 3,825<br>(Three Thousand Eight Hundred And Twenty Five only) |







Sushil Choudhary
Advocate
Reg. No.-2866/1999
Tehsil Court, Nakur
Mob.-9412649624

Please write or type below this line

Sushil Choudhary
Advocate
Reg. No.-2866/1999
Tehsil Court, Nakur
Mob.-9412649624

0002618061

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

**ट्रस्ट डीड** **स्टांप- रु० 3825/-**

# ज्ञानवापी एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट,अंबेहटा

यह ट्रस्ट डीड आज दिनांक 02-10-2021 को ज्ञानवापी एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट,मेन बाज़ार,स्टेट बैंक के पास,कस्बा-अंबेहटा,तहसील-नकुड़,जिला-सहारनपुर.उत्तर-प्रदेश,247340 के नाम से घोषित किया गया।उक्त ट्रस्ट दिनांक 04/10/2021 से क्रियाशील है। इसके तीन संस्थापक सदस्य हैं।जिनके नाम इस प्रकार हैं:- पंकज जैन पुत्र श्री महेश चंद जैन,6/48बी/1,भूतेश्वर मंदिर मार्ग,सहारनपुर,उत्तर-प्रदेश 247001,ब्रहम सिंह पंवार पुत्र श्री साहब सिंह, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास, मेन बाजार संगत मार्केट,कस्बा-अंबेहटा,जिला-सहारनपुर,उत्तर प्रदेश, 247340, शुभम जैन पुत्र श्री अखिलेश कुमार,मोहल्ला-पासरा,नजदीक जैन मंदिर कस्बा अंबेहटा,जिला-सहारनपुर,उत्तर-प्रदेश,247340।उपरोक्त संस्थापक सदस्य सभी वर्गों के व्यक्तियों के उत्थान और कल्याणकारी कार्य करने में आस्था रखते हैं। इन सभी ने रूपए 17,000/- प्रति सदस्य जमा कर कुल रुपए 51,000/- स्थाई रूप से ट्रस्ट को दिये। ट्रस्ट के लक्ष्य के प्राप्ति के लिए प्रधान कार्यालय का स्थानांतरण भी किया जा सकता है । जिनका प्रयोग ट्रस्ट के नियमानुसार, ट्रस्ट की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु किया जायेगा। इस ट्रस्ट का सारा महत्वपूर्ण विवरण निम्नवत है -

Manager
TAKSHASHILA
*WORLD SCHOOL*
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
*WORLD SCHOOL*
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

1. ट्रस्ट का नाम - ज्ञानवापी एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर ट्रस्ट

2. कार्यालय का पता- मेन बाज़ार, स्टेट बैंक के पास,कस्बा-अंबेहटा,तहसील-नकुड,जिला-सहारनपुर.उत्तर-प्रदेश,247340

3. कार्यक्षेत्र - समस्त भारतवर्ष होगा।

4. उद्देश्य-

I. समाज के सभी वर्गों के बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके इसके लिए सभी क्षेत्रों में सभी तरह के स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय आदि बनाना,उनका प्रबंधन और संचालन करना।

II. भारतवर्ष की एकता,अखंडता बनाये रखने के लिए सभी वर्गों में जागृति लाना।

III. नशा मुक्ति, छुआछूत, दहेजप्रथा, अंधविश्वास जैसी सभी सामाजिक कुरीतियों से बचने हेतु सभी वर्गों के व्यक्तियों में जागृति पैदा करने के लिए पत्रिकाओं,समाचार पत्रों और पुस्तकों का प्रकाशन और प्रसारण करना।

IV. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए केंद्र,राज्यों, अर्धशासकीय निकायों,क्लब,जनप्रतिनिधियों व जनसामान्य से उनकी योजनाओं के अनुसार दान, चंदा, उपहार व वसीयत द्वारा धन प्राप्त करना।

V. ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों में धन की कमी होने पर सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों, अर्धसरकारी बैंकों, सहकारी बैंकों या अन्य शेड्यूल्ड बैंकों या अन्य किसी भी वित्तीय संस्था से ऋण के रूप में धन प्राप्त करना।

VI. विद्यालयो एवं छत्रवासों का निर्माण करना व केंद्र सरकार व राज्य सरकार क अंतर्गत आने वाले एन० जी० ओ० व अन्य प्रकार की संस्थाओ दवारा किसी प्रकार की सहायता लेना व महिला,पुरुष, बुजुर्ग व बच्चो के हित में किसी भी प्रकार की सेवा आदि का कार्य करना चाहे शिक्षा अथवा व्यवसाय आदि के सेवा रूपी कार्य करना।

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt. Saharanpur, U.P.,247340

VII. खेल कूद एवं शारीरिक शिक्षा देना।

VIII. ज्ञानवापी ट्रस्ट नलहेडा के प्रति निष्ठावान व शिक्षा में विश्वास रखने वाले व्यक्तियों को दर्शन हेतु विभिन्न शिक्षण संस्थानों तथा एतिहासिक स्थलो पर ले जाना।

IX. समस्त भारत वर्ष में में कहीं पर भी किसी भी वजह से बंद पड़ी धार्मिक,शैक्षणिक या अन्य किसी भी तरह की संस्थाओं का स्वामित्व,लीज क्रय आदि द्वारा प्राप्त कर उनकी मरम्मत या पुनः निर्माण कर उनका संचालन करना।

X. सभी तरह के हॉबी कोर्स जैसे म्यूजिक, मॉडलिंग, पेंटिंग, डांसिंग, योग, ब्यूटीशियन, सिलाई-कढ़ाई आदि का संचालन करना।

XI. बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम तथा स्टडी सेंटर कायम करना।

XII. स्वतंत्रता सेनानी के जीवन तथा उपलब्धियों एवं विचारों को प्रचारित करना।

XIII. मानव जाति में प्रेम, उनमें चरित्र निर्माण तथा अल्पसंख्यक समुदाय के ऐसे लोग जो बहुत उपेक्षित है, उनके चरित्र निर्माण एवं सामाजिक विकास एवं शैक्षिक,आर्थिक,सांस्कृतिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए सभी संभव प्रयत्न करना।

XIV. साइंटिफिक,व्यावसायिक,धार्मिक,शिक्षा आदि के लिए और अल्पसंख्यको विशेषतः शैक्षिक पिछड़े वर्गों की शिक्षा,स्कूल,कॉलेज,मदरसे तथा अन्य शिक्षा संस्थाएं आदि कायम करना।

XV. अल्पसंख्यकों तथा बहुसंख्यकों के कमजोर वर्गों के स्वास्थ्य तथा चिकित्सा संबंधी सेवा के लिए स्वास्थ्य केंद्र तथा दवाखाने तथा हॉस्पिटल आदि कायम करना तथा उनका प्रबंधन करना।

XVI. इस देश के संविधान में उल्लेखित अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना।

XVII. पुस्तकालय तथा वाचनालय स्थापित करना तथा किताब एवं पत्रिका समाचार पत्रों एवं सूचना एवं प्रसारण केंद्रों का प्रसारण करना,प्रकाशित करना तथा खरीदना-बेचना तथा जमा करना।

XVIII. देश के विभिन्न धार्मिक एवं भाषाई समूह तथा इकाईयों में आपसी सौहार्द तथा मेल-मिलाप की संभावना की भावना पैदा करने के लिए हर प्रकार के संभव प्रयास करना।

XIX. धर्म तथा नैतिक शिक्षा एवं अन्य धर्मों के आदर्शों का सही तरीके से प्रचार करने के लिए सेमिनार,कॉन्फ्रेंस,जलसे आदि करना तथा अन्य प्रकार के हर संभव प्रयास करना।

XX. निर्धन मेधावी छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु स्कॉलरशिप आदि की व्यवस्था करना।

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

XXI. उपरोक्त सभी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न स्त्रोतो से फंड एकत्रित करना तथा सरकार से सहयोग लेना और उनको खर्च करना तथा इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ऐसे सभी संभव प्रयास एवं कार्य करना जो सविधान एवं कानून के अनुरूप हो।

5. <u>ट्रस्ट की सदस्यता-</u> ट्रस्ट निर्माण के वक्त तीन फाउंडर ट्रस्टी सदस्य हैं ,जो कि ट्रस्ट के आजीवन ट्रस्टी रहेंगे तथा समयानुसार तीनों ट्रस्टी को सर्वसम्मति से पद परिवर्तित करने का अधिकार होगा। ट्रस्ट निर्माण के वक्त चार अन्य सदस्य भी होंगे जो कि ट्रस्ट के आजीवन सदस्य रहेंगे। इन सात सदस्यों के अलावा,अन्य किसी को कभी भी सदस्य नहीं बनाया जाएगा। इन सात सदस्यों में से किसी वजह से रिक्त होने वाली जगह पर उनकी सरकार द्वारा घोषित कानूनी वारिस जिन्हें अपने परिवार का समर्थन प्राप्त होगा वही रिक्त स्थान पदों पर आ जाएंगे। सभी सदस्य आवश्यकतानुसार समाज के किसी भी सम्मानित नागरिक को संरक्षक नियुक्त कर सकते हैं, जिसका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।आवश्यकता पड़ने पर कार्यकाल दो-दो वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जा सकेगा। संरक्षक के संस्था के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप करने,अपने कार्यों में रुचि न लेने पर बिना पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाएगा।

6. <u>सदस्यता की समाप्ति-</u> संस्थापक सदस्य की सदस्यता निम्नलिखित में से किसी भी एक कारण के होने पर स्वत: ही समाप्त हो जाएगी-

I. सदस्य की मृत्यु हो जाने पर।
II. दिवालिया या पागल हो जाने पर।
III. न्यायालय द्वारा कठोर दंड से दंडित किए जाने पर।
IV. स्वयं त्याग-पत्र देने पर।

7. <u>ट्रस्ट के अंग:-</u> ट्रस्ट में केवल प्रबंधकरिणी ही होगी जिसके पदाधिकारियों की सूची और अन्य आवश्यक विवरण सहित इस प्रकार है-

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

I. पदाधिकारियों की सूची-

| क्र० | नाम | पता | पद | व्यवसाय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पंकज जैन पुत्र श्री महेश चंद जैन | 6/48बी/1,भूतेश्वर मार्ग,सहारनपुर,उत्तर-प्रदेश 247001 | अध्यक्ष | व्यवसायी |
| 02 | ब्रहम सिंह पँवार पुत्र श्री साहब सिंह | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास,मेन बाजार संगत मार्केट, अंबेहटा,जिला-सहारनपुर ,उत्तर प्रदेश, 247340 | कोषाध्यक्ष | प्रधानाध्यापक |
| 03 | सुभम जैन पुत्र श्री अखिलेश कुमार | मोहल्ला-पासरा,नजदीक जैन मंदिर,कस्बा अंबेहटा ,जिला-सहारनपुर,उत्तर-प्रदेश, 247340 | सचिव | व्यवसायी |
| 04 | अखिलेश कुमार जैन पुत्र श्री सोम प्रकाश जैन | मोहल्ला-पासरा,नजदीक जैन मंदिर कस्बा अंबेहटा ,जिला-सहारनपुर,उत्तर-प्रदेश, 247340 | सदस्य | व्यवसायी |
| 05 | प्रियंका देवी पत्नी श्री अंकित पँवार | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास,मेन बाजार संगत मार्केट, अंबेहटा,जिला-सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, 247340 | सदस्य | शिक्षिका |
| 06 | सुधा जैन पत्नी श्री पंकज कुमार जैन | 6/48बी/1,भूतेश्वर मंदिर मार्ग,माधो वाटिका,सहारनपुर, उत्तर-प्रदेश 247001 | सदस्य | ग्रहणी |
| 07 | वैभव जैन पुत्र श्री पंकज जैन | 6/48बी/1,भूतेश्वर मंदिर मार्ग,माधो वाटिका, सहारनपुर,उत्तर-प्रदेश 247001 | सदस्य | व्यवसायी |

Manager
TAKSHASHILA
*WORLD SCHOOL*
Ambehta Nakur Road,
Distt-Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
*WORLD SCHOOL*
Ambehta Nakur Road,

II. **<u>बैठक</u>**- प्रबंध करिणी की बैठक वर्ष में 2 बार 20 जून एवं 20 दिसंबर की सुबह 10:00 बजे ट्रस्ट कार्यालय में हुआ करेगी।विशेष परिस्थितियों में कोई भी सदस्य पदाधिकारी बैठक बुलाने के लिए अध्यक्ष महोदय से निवेदन कर सकता है।अध्यक्ष जी स्वयं भी आवश्यकता पड़ने पर आकस्मिक बैठक बुला सकते हैं ।ऐसी बैठकों की सूचना कम से कम 2 दिन पूर्व देनी होगी।सभी बैठकों का संचालन सचिव महोदय द्वारा ही किया जाएगा।

III. **<u>कोरम</u>**- प्रबंध कारिणी की बैठक के लिए किन्ही 3/4 पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इससे कम उपस्थिति में होने वाली कोई भी बैठक मान्य नहीं होगी।

IV. **<u>रिक्त स्थानों की पूर्ति</u>**- ट्रस्ट में रिक्त होने वाले स्थानों की पूर्ति ट्रस्ट क्रमांक 5 (ट्रस्ट की सदस्यता) में दिए गए मानकों के अनुसार ही की जाएगी।

8. **<u>प्रबंधकारिणी के अधिकार एवं कर्तव्य-</u>**

I. ट्रस्ट के कार्यों के लिए आवश्यक सभी स्तर के कर्मचारियों की नियुक्ति,सेवा विस्तार सेवा समाप्ति और वेतन आदि की व्यवस्था करना.

II. आवश्यकतानुसार नियमों में सर्वसम्मति के आधार पर संशोधन करना।

III. ट्रस्ट के सभी आवश्यक कार्यों के लिए धन या अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करना।

IV. ट्रस्ट की सभी तरह की संपत्तियों की देख-रेख करना और उन पर अपना नियंत्रण रखना।

V. प्रबंधकारिणी का कोई भी सदस्य ट्रस्ट की किसी भी संपत्ति का प्रयोग किसी भी कारण से व्यक्तिगत हित में नहीं करेगा।

VI. ट्रस्ट की अनावश्यक हो गई किसी संपत्ति को सर्वसम्मति के अनुसार अन्य प्रयोग में लेना या फिर बेज देना।

VII. ट्रस्ट की बैठक में सभी कार्यों के लिए प्रस्ताव रखना,उसे पारित करना और गत बैठक की पुष्टि करना।

9. **<u>प्रबंध कारिणी के पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य:-</u>**

**<u>अध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य:-</u>**

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

आवेदन सं०: 202100703014226

## न्यास पत्र

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 114 वर्ष: 2021

प्रतिफल- 0 स्टाम्प शुल्क- 3825 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 510 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 60 योग : 570





श्री पंकज जैन ,
पुत्र श्री महेश चन्द जैन
व्यवसाय : अन्य
निवासी: भूतेश्वर मंदिर के पास जिला स०पुर

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 05/10/2021 एवं 11:52:12 AM बजे
निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

नईम रजा प्रभारी
उप निबंधक :नकुड़
सहारनपुर
05/10/2021

रेशमा नैयर .:
निबंधक लिपिक

I. सभी बैठकों की अध्यक्षता करते हुए बैठकों की कार्यवाही का संचालन सचिव के माध्यम से कराना।

II. ट्रस्ट की सभी धन राशियों राष्ट्रीयकृत बैंक,सहकारी बैंक, शेड्यूल्ड बैंक मे हैं यह सुनिश्चित करना। इन खातों का संचालन सचिव अथवा अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष दवारा संयुक्त रूप से करना।

III. सचिव और कोषाध्यक्ष दोनों या दोनों में से किसी भी एक पदाधिकारी का पद रिक्त होने की दशा में शेष सभी पदाधिकारियों के सदस्यों की आपात बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से पद/पदों का अनुमोदन होने तक अस्थाई व्यवस्था करना।

<u>सचिव के अधिकार एवं कर्तव्य:-</u>

I. सभी बैठकों का एजेंडा मीटिंग कार्यवाही लिखकर उसे अगली बैठक में अनुमोदित कराना।

II. प्रबंध कारिणी में पारित सभी प्रस्तावों को कार्यान्वित करना।

III. ट्रस्ट हित में सभी तरह का पत्र व्यवहार करना और आवश्यक पत्राचार का रिकॉर्ड 10 वर्षों तक सुरक्षित रखना।

IV. ट्रस्ट को सभी तरह से मिलने वाले धन और उसके खर्चों का हिसाब सुव्यवस्थित रखना और प्रत्येक वर्ष में दो बार अनिवार्य रूप से होने वाली बैठकों में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करना।

V. ट्रस्ट दवारा संचालित सभी तरह की स्कॉलरशिप आदि की व्यवस्था करना।

<u>कोषाध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य:-</u>

ट्रस्ट की सभी तरह की संपत्ति/रकम/ वसीयत आदि को अपनी निगरानी में सुरक्षित रखना।

I. ट्रस्ट की आकस्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कोषाध्यक्ष अपने रू०10,000 नगद रख सकेंगे। शेष सभी धनराशियां सचिव/अध्यक्ष और अपने संयुक्त हस्ताक्षरो से संचालित होने वाले बैंक खाते में रखना।आकस्मिक खर्चों में होने वाले व्यय के वाउचर ट्रस्ट की अनिवार्य रूप से होने वाली बैठकों में अनुमोदनार्थ रखने होंगे।

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

श्री वसीम अंसारी , सुशील चौधरी

निवासी: तह नकुड

व्यवसाय: अन्य





रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

ने की । प्रत्यक्षत:भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।
टिप्पणी :

नईम रजा प्रभारी
उप निबंधक : नकुड़
सहारनपुर

रेशमा नैययर
निबंधक लिपिक

II. समय-समय पर ट्रस्ट के आय-व्यय को जांचना, ऐसी जाँचो की आख्या अनिवार्य बैठकों में संपूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत करना। प्रबंध कारिणी के असंतुष्ट होने की दशा में चार्टर्ड अकाउंटेंट से विधिवत ऑडिट करा कर उसकी आख्या पेश करना।

10. <u>ट्रस्ट के नियमों में परिवर्तन:-</u>

ट्रस्ट के नियमों में कोई संशोधन/परिवर्तन की आवश्यकता होने पर प्रबंधकारिणी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सकती है।

11. <u>ट्रस्ट द्वारा या उसके विरूद्ध अदालती कार्रवाई:-</u>

ट्रस्ट के हित में कभी भी किसी भी तरह की अदालती/कानूनी/ सामाजिक आदि किसी भी प्रकार की कार्रवाई प्रबंधकारिणी के परामर्श से सचिव द्वारा की जाएंगी।

12. <u>ट्रस्ट के अभिलेख:-</u>

ट्रस्ट में एजेंडा रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, रसीद बुक ,बैंक पासबुक, चेक बुक आदि होंगे। जिन्हें प्रयोग के दिनांक से कम से कम 10 वर्ष तक संभाल के रखना होगा,जिसका उत्तरदायित्व सचिव का होगा।

13. <u>अन्य प्रावधान:-</u>

I. ट्रस्ट को मिलने वाले सभी तरह के दान/वसीयत से प्राप्त धनराशियां धारा 80 के तहत कर मुक्त होंगी।

II. यह एक चैरिटेबल ट्रस्ट है।किसी भी कारण से ट्रस्ट के अपने उद्देश्यो में असफल होने पर प्रबंधकारिणी में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव द्वारा इस ट्रस्ट की सभी या आंशिक,चल-अचल संपत्ति या किसी समान उद्देश्य वाली ट्रस्ट/सोसायटी को हस्तांतरित की जा सकेगी।

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

आवेदन सं०: 202100703014226

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 114 वर्ष: 2021

**निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त**

**न्यासी: 1**

श्री पंकज जैन, पुत्र श्री महेश चन्द जैन

निवासी: भूतेश्वर मंदिर के पास जिला स०पुर

व्यवसाय: अन्य




न्यासी: 2

श्री ब्रहम सिह पवांर, पुत्र श्री साहब सिह

निवासी: मेन बाजार कस्बा अम्बेहटा तह नकुड

व्यवसाय: अन्य



**न्यासी: 3**

श्री शुभम जैन, पुत्र श्री अखिलेश कुमार

निवासी: मो० पासरा आम्बेहटा तह नकुड

व्यवसाय: अन्य



**ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान**

**पहचानकर्ता : 1**

श्री शुभ्रांशु जैन, पुत्र श्री अखिलेश जैन

निवासी: मो० पासरा अम्बेहटा तह नकुड

व्यवसाय: अन्य



**पहचानकर्ता : 2**

14. ट्रस्ट की संपत्ति ट्रस्ट रजिस्टर्ड कराते वक्त ट्रस्ट के पास रू० 51,000/- हैं,इसके अलावा वर्तमान में ट्रस्ट के पास कोई भी चल अचल संपत्ति नहीं है।





टाइपकर्ता व रचियता - सुशील चौधरी एड्वोकेट

दिनांक - 04/10/2021

Sushil Choudhary
Advocate
Reg. No.-2866/1999
Tehsil Court,Nakur
Mob.-9412649624

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

आवेदन सं०: 202100703014226

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 22 के पृष्ठ 157 से 176 तक क्रमांक 114 पर दिनाँक 05/10/2021 को रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

नईम रजा प्रभारी
उप निबंधक : नकुड़
सहारनपुर
05/10/2021

Manager
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340

Principal
TAKSHASHILA
WORLD SCHOOL
Ambehta Nakur Road,
Distt- Saharanpur, U.P.,247340